कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन/फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र./जन.कार्य./2023–24/396 दिनांक : 29/01/2024

प्रति,
श्रीमान संपादक महोदय/ब्यूरोचीफ

ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाशनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

(जनसम्पर्क अधिकारी)

प्रेसनोटः–

''अखिल भारतीय किसान मेला एवं अंतर्राष्ट्रीय कृषि तकनीकी प्रदर्शनी'' 03 फरवरी से

ग्वालियर। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में दिनांक 03 से 06 फरवरी से चार दिवसीय ''अखिल भारतीय किसान मेला एवं अंतर्राष्ट्रीय कृषि तकनीकी प्रदर्शनी–2024'' आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्नवर्ष 2023 के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय स्थित मुख्य परिसर में आयोजित किया जायेगा। इस किसान मेले में पूरे प्रदेश व देश के कोने कोने से कृषकों तथा कृषि प्रदर्शनी में देश के कृषि विश्वविद्यालय, कृषि/उद्यानिकी/पशुपालन उद्यमियों तथा संबंधित विभागों के आदान उत्पाद विक्रेताओं, कम्पनियों, स्वयं सहायता समूहों, कृषक उत्पादक संगठकों तथा अन्य हितग्राहियों द्वारा सहभागिता दी जा रही है। विश्वविद्यालय द्वारा मेले को व्यापक रूप देने हेतु तैयारियां जोर–जोर से की जा रही है । मेले का उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीक और कृषि में नवाचारों से अवगत कराना है।